कार्यालय प्रबन्ध अनुभाग, जनपद न्यायालय, कन्नौज

विज्ञप्ति संख्या–   दिनांकः--

कार्यालय विज्ञप्ति

01. सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **वाह्य न्यायालय छिबरामऊ, कन्नौज में स्थित जर्जर एवं निष्प्रयोज बाउन्ड्री वाल** एवं **पुराने मुन्सिफी परिसर वाह्य न्यायालय छिबरामऊ, स्थित जर्जर अवशेषो** की नीलामी दिनांक 05.03.2019 को अपरान्ह 4:30 बजे जनपद न्यायालय परिसर मुख्यालय में नीलामी समिति द्वारा की जायेगी।

02. आवासीय परिसर में स्थित पुरानी बाउन्ड्री वाल की लम्बाई 370.95 मीटर तथा अनावासीय परिसर में स्थित पुरानी बाउन्ड्री वाल की लम्बाई 278.80 मीटर है।

03. वाउन्ड्री वाल को तोड़ने तथा निकलने वाले मलवे व ईंट को ढोने का खर्च नीलामी पाने वाले व्यक्ति को वहन करना पड़ेगा ।

04. नीलामी समिति को यह अधिकार होगा कि वह किसी भी बोली को बिना कारण बताये अस्वीकार कर दे। अन्तिम बोली की स्वीकृति सक्षम अधिकारी द्वारा की जायेगी।

05. वाह्य न्यायालय छिबरामऊ, कन्नौज में स्थित जर्जर एवं निष्प्रयोज बाउन्ड्री वाल की बोली बोलने वाले को नीलामी में भाग लेने से पूर्व मु0–20,000–रूपये का डिमाण्ड ड्राफ्ट, जोकि जनपद न्यायाधीश, कन्नौज के नाम देय हो, जमा करना होगा एवं **पुराने मुन्सिफी परिसर वाह्य न्यायालय छिबरामऊ, स्थित जर्जर अवशेषो** की बोली बोलने वाले को नीलामी में भाग लेने से पूर्व मु0–10,000–रूपये का डिमाण्ड ड्राफ्ट, जोकि जनपद न्यायाधीश, कन्नौज के नाम देय हो, जमा करना होगा।

06. नीलाम किये जाने वाली बाउन्ड्री वाल को वाह्य न्यायालय छिबरामऊ, कन्नौज, में एव जर्जर अवशेषो को पुरानी मुन्सिफी परिसर वाह्य न्यायालय छिबरामऊ में देखा जा सकता है। बोली बोलने वाले का यह स्वयं उत्तरदायित्व होगा कि वह बोली बोलने से पूर्व निरीक्षण कर ले।

07. नीलामी के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार के कानूनी कार्यवाही का क्षेत्राधिकार, नीलामी समिति कन्नौज होगा।

28/02/19

(आर0बी0 सरोज)
अध्यक्ष, नीलामी समिति/
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
कक्ष संख्या–01, कन्नौज।